**दिनांक 24.03.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति बालिका छात्रावास योजना अन्तर्गत शेखपुरा जिला में 100 आसन वाले सावित्री फुले बालिका छात्रावास भवनों के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | श्री मनोज कुमार सिंह,<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | अध्यक्ष |
| (ii) | श्री अमरजीत कुमार,<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, मुंगेर। | - | सदस्य |
| (iii) | श्री विकास कुमार,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>भवन प्रमंडल, शेखपुरा। | - | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | मुख्यमंत्री अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति बालिका छात्रावास योजना अन्तर्गत शेखपुरा जिला में 100 आसन वाले सावित्री फुले बालिका छात्रावास भवनों के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹4,90,62,000/- (सचिव, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-78 दिनांक-03.06.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹5,15,22,295/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-68 (नि0) अनु0 दिनांक-19.01.2026)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 4,47,95,182/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 5,00,44,999/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-019939(भ0) 25-26 प्रभात खबर समाचार पत्र में दिनांक-19.12.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 17.12.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 06.02.2026 / 09.02.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 19.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 20.02.2026 |

11 <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> -

(1) मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. NoMWRD0324C1C04920, Class-I) ।

(2) मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I ,RCD)।

(3) अभिनव, पटना (Reg. No-1230051, Class-I, BCD) ।

(4) राजेश कुमार, पटना (Reg. No- 1020C11N3275, Class-I, MWRD) ।

(5) शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No-1273/2023, Class-I, BSEIDCL) ।

(6) मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No- 1240001, Class-I, BCD) ।

(7) चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल (Reg. No- 1260019, Class-I, BCD) ।

(8) महाबीर सिंडिकेट, बेगूसराय (Reg. No- 1250175, Class-I, BCD) ।

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>

<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-</u>

दिनांक 24.03.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा द्वारा निविदा मे शामिल कुल आठ निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहृत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहृत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा आठ निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. NoMWRD0324C1C04920, Class-I) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्त एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अंतर्गत मांगी गयी पी0एच0ई0 कार्य (₹12,10,402/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि (₹4,79,033/-) पायी गयी। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में**"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई (Reg. No.-1230031, Class-I ,RCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** अभिनव, पटना (Reg. No-1230051, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा कि शर्त्त एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के अंतर्गत मांगी गयी (i) फर्नीचर कार्य (₹18,47,947/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि नही पायी गयी। (ii) फायर फाईटिंग (₹5,25,133/-) के विरूद्ध संवेदक द्वारा समर्पित कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र में उक्त मद की राशि नहीं पायी गयी। (iii) निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5B(a) के तहृत टूल्स एण्ड प्लांट्स के विरूद्ध कोई भी कागजात/दस्तावेज (टैक्स इनवाईस) उपलब्ध नहीं पाया गया। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) एवं कंडिका-4.5B(a) के तहृत इन्हें तकनीकी बीड में**"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** राजेश कुमार, पटना (Reg. No- 1020C11N3275, Class-I, MWRD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**पंचम् निविदाकार** शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No-1273/2023, Class-I, BSEIDCL) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि उक्त परिपेक्ष्य में संवेदक का बिडिंग कैपसिटी कुल राशि ₹4,44,51,331/- मात्रा आती है, जो कि वांछित बिडिंग कैपसिटी कुल राशि ₹5,00,44,999/- से कम है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.7 के तहृत इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**षष्ट्म निविदाकार** मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No- 1240001, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

**सप्तम् निविदाकार** चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल (Reg. No-1260019, Class-I, BCD) के अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, फारबिसगंज के पत्रांक-505 दिनांक-24.03.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि इस कार्यालय का पत्रांक-172 दिनांक-28.09.2024 जो Chandrasekhar Construction, West Bangal के नाम से निर्गत नहीं, कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र सही एवं वैद्य नहीं है। अतः तकनीकी बीड में इन्हें **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

**अष्ट्म निविदाकार** महाबीर सिंडिकेट, बेगूसराय (Reg. No- 1250175, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **"रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

इस प्रकार आठ निविदाकार मे से चार निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं चार निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I ,RCD) (2) राजेश कुमार, पटना (Reg. No-1020C11N3275, Class-I, MWRD) (3) मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, पटना (Reg. No- 1240001, Class-I, BCD) (4) महाबीर सिंडिकेट, बेगूसराय (Reg. No- 1250175, Class-I, BCD) को **सफल** एवं (5) मे0 विश्वनाथ निर्माण प्रा0 लि0, जहानाबाद (Reg. NoMWRD0324C1C04920, Class-I) (6) अभिनव, पटना (Reg. No-1230051, Class-I, BCD) (7) शैलेन्द्र कुमार सिंह, जमुई (Reg. No-1273/2023, Class-I, BSEIDCL) (8) चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल (Reg. No- 1260019, Class-I, BCD) को **असफल** घोषित किया गया एवं निविदाकार चन्द्रशेखर कंसट्रक्सन, उत्तर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल द्वारा निविदा प्राप्त करने के लिए गलत कागजात समर्पित करने के कारण **बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकती है,** साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-30.03.2026 के पूर्वाहून 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय। यदि किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है तो तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति बैठक कर आपत्ति का निस्तार करेगी यदि किसी प्रकार आपत्ति प्राप्त नही होती है तो मुख्य अभियंता (द0) सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| (विकास कुमार) | (अमरजीत कुमार) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, शेखपुरा। | भवन अंचल, मुंगेर। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-02-49/2025....924 (द0)..... पटना/दिनांक..24/03/26

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 24/3/26

मुख्य अभियंता (द0)।

24/3/26

E:/V/T.P-1/2026/docx 99